आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)

सोमवार 16.06.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :—

- सोलहवीं जनगणना पहली अक्टूबर, 2026 से शुरू होकर दो चरणों में कराई जाएगी।
- गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यों के राहत आयुक्तों से 90 दिन के भीतर प्रत्येक जिले के लिए जिला आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने को कहा।
- उत्तराखंड में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से जारी, बारिश के दृष्टिगत यात्रा मार्गों के संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई।
- महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून में योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया।

जनगणना

सरकार ने आज जनगणना कराए जाने की अधिसूचना जारी कर दी। गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि लद्दाख, जम्मू—कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जनगणना पहली अक्तूबर 2026 से कराई जाएगी। एक रिपोर्ट—

गृह मंत्री/आपदा प्रबंधन

गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यों के राहत आयुक्तों से कहा है कि अगले 90 दिन के भीतर प्रत्येक जिले के लिए जिला आपदा प्रबंधन योजना तैयार करें। आज नई दिल्ली में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा मोचन बलों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि आपदाओं से निपटने के लिए जरूरी है कि जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन योजना तैयार की जाए।

गृहमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढते वैश्विक तापमान ने दुनिया को आपदाओं के बारे में चिंतित कर दिया है।

श्री शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और आपदा रोधी ढांचे की मजबूती से भारत आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने जा रहा है।

राज्य निर्वाचन आयोग

राज्य निर्वाचन आयोग के संयुक्त सचिव कमलेश मेहता ने आज नैनीताल के काठगोदाम में कुमाऊँ मण्डल के छह जिलों के सहायक निर्वाचन अधिकारियों, जिला सूचना विज्ञान अधिकारियों और प्रशिक्षण के प्रभारी अधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक के बाद श्री मेहता ने पत्रकारों को बताया कि इस बार पंचायत चुनाव के परिणामों को जनसाधारण के लिए उपलब्ध कराने के लिए राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र के सहयोग से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार मतदान और मतगणना कर्मचारियों की ड्यूटी इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही लगाई जाएगी। श्री मेहता के अनुसार आमजन प्रत्येक बूथ की निर्वाचक नामावलियों को डाउनलोड कर अवलोकन कर सकते हैं।

चारधाम यात्रा

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। श्रद्धालुओं द्वारा चारों धामों— बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के नियमित दर्शन किए जा रहे हैं। बरसात के मौसम के दृष्टिगत यात्रा मार्गों पर संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई है। पैदल यात्रा मार्गों पर भी श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से हरसंभव प्रयास किए गए हैं। चारधाम यात्रा मार्गों से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की संबंधित जिलाधिकारियों की ओर से नियमित समीक्षा की जा रही है। इस बीच, कल जंगल चट्टी के पास भारी

बारिश के कारण मलबा और पत्थर आने से आंशिक रूप से बाधित हुआ केदारनाथ धाम पैदल मार्ग पूरी तरह साफ कर दिया गया है और केदारनाथ यात्रा फिर से सामान्य रूप से संचालित हो रही है। हालांकि, मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने केदारनाथ यात्रा पर आ रहे सभी श्रद्धालुओं से मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार ही सावधानीपूर्वक यात्रा करने की अपील की है।

## योग प्रशिक्षण शिविर

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने आज देहरादून के परेड ग्राउंड स्थित मल्टीपरपज हॉल में योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में देहरादून जिले से डेढ़ सौ से ज्यादा आंगनबाड़ी कार्यकत्री शामिल हुईं। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर योग के कार्यक्रम किए जाने हैं। शिविर में श्रीमती आर्या ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ योगासन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं को उनके लिए उपयुक्त योगासन नियमित रूप से कराए जाएंगे। इसके लिए सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। श्रीमती आर्या ने कहा कि योग जच्चा बच्चा दोनों के लिए आवश्यक है। इससे प्रसव संबंधी समस्याओं को दूर करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को लेकर पूरी दुनिया में जिस तरह की जागरूकता फैलाई है, उससे पूरा विश्व आज भारतीय संस्कृति और योग परंपरा को अपना रहा है।

## रन फॉर योग

रुद्रप्रयाग में आज आयुष विभाग की ओर से अगस्त्यमुनि क्रीड़ा मैदान में ''रन फॉर योग'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत अगस्त्यमुनि क्रीड़ा मैदान से शुरू हुई दौड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अगस्त्यमुनि में संपन्न हुई। योग के प्रति जन–जागरूकता और स्वास्थ्य के महत्व को उजागर करने के लिए आयोजित दौड़ में जनमानस के साथ ही आयुष विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. रघुवीर सिंह ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है, जो मानसिक, शारीरिक और आत्मिक संतुलन को सुदृढ़ करती है। उन्होंने कहा कि ''रन फॉर योग'' जैसे कार्यक्रमों से समाज में स्वास्थ्य और योग के प्रति रुचि और समझ को बढ़ावा मिलता है, जिससे एक स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है।

## स्वास्थ्य शिवर/पत्रकार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर पत्रकारों और उनके परिजनों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के लिए कल देहरादून में विशेष स्वास्थ्य सुरक्षा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सक, जांच के साथ ही परामर्श भी देंगे। स्वास्थ्य विभाग और सूचना विभाग की ओर से रिंग रोड स्थित सूचना निदेशालय में कल सुबह 11 बजे से लगने वाले इस शिविर में स्वास्थ्य की सभी आवश्यक जांच की जाएंगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि पत्रकार, समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ होते हैं। इसलिए उनका स्वस्थ होना बेहद ज़रूरी है। इसी क्रम में यह स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी समय–समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि पत्रकारों को निरंतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

## मौसम

मौसम विभाग ने नैनीताल, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और टिहरी जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा कि राज्य के अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।